an>

Title: Need to issue and renew smart cards under Rashtriya Swasthya Bima Yojana in Muzaffarpur parliamentary constituency, Bihar.

श्री अजय निषाद (मुज़फ़्फरपुर) ः हमारे संसदीय क्षेत्र मुज़फ़्फरपुर में बी.पी.एल. परिवार के लोग राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं। पूरे मुज़फ़्फरपुर जिले में बी.पी.एल. परिवारों की संख्या लगभग 6 लाख है जिसमें से मात्र 90 हज़ार परिवारें को राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना से संबंधित स्मार्ट कार्ड 2012 तक बनाये गये। उसके उपरान्त यानि 2013 से अब तक बाकी बचे लगभग 5 लाख 10 हज़ार बी.पी.एल. परिवारों के कार्ड नहीं बनाये गये। साथ ही 2012 तक जिन 90 हज़ार बी.पी.एल. परिवारों को कार्ड निर्गत किये गये उनका भी नवीनीकरण नहीं हो रहा है क्योंकि सरकारी निर्देशानुसार 2013 तक के पहले बने कार्ड का नवीनीकरण नहीं होगा। ऐसी परिस्थिति में जिले के सभी बी.पी.एल. परिवार राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के लाभ से पूर्णतः वंचित हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी की यह महत्वाकांक्षी योजना है जिसका लाभ हर बी.पी.एल. परिवार को प्राथमिकता के तौर पर पहुंवाया जाना है।

मैं माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री से मांग करना चाहूंगा कि इस संबंध में संबंधित विभाग को अविलंब निर्देशित किया जाये ताकि मुज़फ़्फरपुर जिले के कुल बी.पी.एल. परिवारों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना से संबंधित स्मार्ट कार्ड बनवाया जाए। साथ ही नवीनीकरण से वंचित कार्डधारियों के कार्ड का भी नवीनीकरण कराया जाये ताकि तमाम गरीब परिवारों को इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ मिल सके।